**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.09.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- सर्वोच्च न्यायालय की मेज़बानी में आज से नई दिल्ली में ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच आयोजन की शुरुआत – न्याय व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान से जुड़े मुद्दों पर होगा विचार–विमर्श ।
- देश सहित प्रदेश भर में जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर कल राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता 26 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से करेंगे सम्मानित।
- चम्बा जिला की विश्व विख्यात मणीमहेश यात्रा आज से शुरू।

**ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच**

सर्वोच्च न्यायालय की मेजबानी में आज से नई दिल्ली में ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच आयोजन की शुरुआत होगी। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों और साझेदार देशों के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालयों के अध्यक्ष और वरिष्ठ न्यायिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। मंच पर न्याय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान, प्रौद्योगिकी और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श होगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत रूस, चीन, मिस्र, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, बेलारूस, कजाखिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ईरान और उज्बेकिस्तान के न्यायिक प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में आपसी न्यायिक हित के मुद्दों पर चर्चा होगी और न्यायिक सहयोग को और मजबूत करने पर विचार किया जाएगा।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देश सहित प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वही, भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा–वृंदावन में जन्माष्टमी के भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इधर प्रदेश के मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिरों और घरों में सजावट की गई है। राजधानी शिमला के गंज बाजार स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में भी भक्तों की सुबह से ही कतारें लगी हुई हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता......

*श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शिमला के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जन्माष्टमी को लेकर शहर के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गंज बाजार स्थित राधा*

*कृष्ण मंदिर और बालूगंज के गोपाल मंदिर में आज रात को विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। गंज बाजार स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। सुबह भगवान का विधिवत पूजन और श्रृंगार होगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोले जाएंगे। दिनभर भजन–कीर्तन से भगवान की लीलाओं का गुणगान होगा। रातभर जागरण के साथ श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवत महापुराण के कृष्ण जन्म प्रसंग का पाठ किया जाएगा।*

इस बीच पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनायं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनकी शिक्षाएं भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को नई दिशा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य संदेशों में निस्वार्थ कर्म की गहरी प्रेरणा निहित है जिसने निरंतर मानवता का मार्गदर्शन किया है।

**राज्यपाल**

इधर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। राज्यपाल ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और ऊर्जा का संचार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं और उनके आदर्शों को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने समाज को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और मानव कल्याण के प्रति समर्पित रहने का मार्ग दिखाया है।

**शिक्षक पुरस्कार**

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 26 शिक्षकों को ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 5 सितंबर यानि कल शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता लोकभवन शिमला में ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

**इसरो उपग्रह**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ 17 रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद भारत के पहले इमेजिंग उपग्रह को जियोसिंक्रोनस कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। ई.ओ. एस–05 से वास्तविक समय में तस्वीरें मिलेंगी। इससे कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में मदद मिलेगी। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसएलवी–एफ17 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ती साझेदारी से देश के अंतरिक्ष

कार्यक्रम को नई ताकत और विस्तार मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने इसे इसरो की शानदार उपलब्धि और देश के लिए गर्व का क्षण बताया

**मणिमहेश**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पवित्र डल झील में छोटे स्नान के साथ ही आज चम्बा जिला की विश्‍ब विख्यात मणीमहेश यात्रा का आगाज हो गया। आधिकारिक रूप से ये यात्रा राधाअष्टमी यानी 19 सितम्बर तक चलेगी। मणीमहेश डल झील में आज सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सामने स्थित कैलाश पर्वत के दर्शन किए। भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था लिए देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु हर वर्ष इस यात्रा पर आते हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यबस्था के लिए 500 पुलिस व होमगार्ड के जवान ड्यूटी पर तैनात किए गए है। वहीँ जगह जगह लंगर की व्यवस्था के अलावा. मेडिकल, घोड़े खच्चर, अस्थायी आवास, संचार सेवा और हेली टैक्सी की सुविधा भी मुहैया करवाई गई है।_अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाद्दाता की ये

***वहीँ इस बार आम श्रद्धालुओं के कुगति ट्रक से जाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पग उठाते हुए प्रशासन ने छोटी प्लास्टिक की बोतलों व छोटे चिप्स के पैकेट की बिक्री पर भी प्रतिबन्ध लगाया है तो वहीँ यात्रा ट्रैक पर नशीले पदार्थ बेचने पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यात्रा के दौरान धनछो में बी एस एन एल का मोबाइल टावर भी स्थापित किया गया है जिससे पहली बार यात्रियों को संचार सुविधा मिल पाएगी।आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर*** ।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं। पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में हल्की से मध्यम वर्षा का समाचार है। वहीं राज्य के कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता ने बताया कि जिले में देर रात भारी बारिश हुई है। बारिश से जिले में सड़क, पेयजल व जल आपूर्ति योजनाएं बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। नाहन–रेणुका अवरूध्द सड़क की बहाली का कार्य जारी है। वहीं नेहली–धीड़ा में भारी भू–स्खलन के बाद सड़क पर आवाजाही बन्द है जिसे देखते हुए यातायात को परिवर्तित किया गया है। जिले में जलशक्ति विभाग को बीते 36 घंटों में लगभग 68 लाख जबकि लोक निर्माण विभाग को करीब 2 करोड़ रूपये के नुकसान का अनुमान है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार राज्य में 95 सड़कें यातायात के लिए अवरूध्द हैं जबकि , 43 टांसफार्मर और 35 पेयजल योजनाओं में असर पड़ा है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**हिमाचल में अब विधायकों की गाड़ियों में लगेगी विशेष झंडी।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**हिमाचल कैबिनेट विस्तार पर फैसले की घड़ी–मॉनसून सत्र के आखिरी दिन अचानक दिल्ली गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।**

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**कैग ने हिमाचल के वित्तीय प्रबंधन पर उठाए सवाल–राज्य में कमाई से ज्यादा खर्च–राजस्व घाटा 6 हजार 804 करोड़ पार, कर्ज का बोझ बरकरार।** दैनिक जागरण लिखता है–**वेतन–पेंशन और सब्सिडी में चला गया 86 प्रतिशत राजस्व।**

पंजाब केसरी की एक खबर है– **कीरतपुर–बिलासपुर–मंडी मार्ग पर गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़ाकर होगी 80 किलोमीटर।**

दैनिक भास्कर प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से लिखता है– **शिमला के चैडविक फॉल का पानी पीने लायक नहीं, प्रदूषण का स्रोत तलाशे सरकार।**

**'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- सर्वोच्च न्यायालय की मेज़बानी में आज से नई दिल्ली में ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच आयोजन की शुरुआत – न्याय व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान सेजुड़े मुद्दों पर होगा विचार–विमर्श ।
- देश सहित प्रदेश भर में जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर कल राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता 26 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से करेंगे सम्मानित।
- चम्बा जिला की विश्व विख्यात मणीमहेश यात्रा आज से शुरू।